आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 19.03.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- देहरादून का प्रसिद्ध श्री झंडे जी महोत्सव भक्तों से गुलजार, आज से शुरू होगा ऐतिहासिक झंडा मेला।
- निर्वाचन आयोग मतदाता पहचान–पत्र को आधार से जोड़ने के लिए तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू करेगा।
- प्रदेश सरकार अपने वर्तमान कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर 22 से 25 मार्च तक राज्यभर में विशेष जनसेवा कार्यक्रम आयोजित करेगी।
- और, हल्द्वानी में सार्वजनिक परिवहन को और सुगम बनाने के लिए 21 जून से सिटी बस सेवा शुरू की जाएगी।

झंडा मेला

देहरादून का प्रसिद्ध श्री झंडे जी महोत्सव भक्तों से गुलजार है। प्रिंस चौक से पटेलनगर तक शहर रोशनी से जगमग है। हजारों श्रद्धालु देश–विदेश से यहां पहुंच रहे हैं। कल, श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने संगतों को दर्शन दिए और नई संगतों को गुरुमंत्र प्रदान किया। जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है। इस बीच, आज सुबह 7 बजे से श्री झंडे जी की विशेष पूजा हो रही है। संगत पंचगव्य से स्नान कराकर विधिवत पूजा–अर्चना कर रहे हैं। सुबह 10 बजे से श्री झंडे जी पर गिलाफ चढ़ाने की रस्म शुरू होगी और दोपहर 2 से 4 बजे के बीच विधिवत आरोहण किया जाएगा। इसी के साथ देहरादून में आज से ऐतिहासिक झंडा मेला शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्री धामी ने कहा कि यह मेला श्री गुरु राम राय जी के पावन जन्मोत्सव पर परंपरागत रूप से मनाया जाता है और यह मानवता व विश्वास से ओत–प्रोत है। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आपसी प्रेम–सौहार्द को भी दर्शाता ळें मुख्यमंत्री ने गुरु राम राय जी महाराज की शिक्षाओं को प्रासंगिक बताते हुए सभी श्रद्धालुओं को इस आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

तकनीकी परामर्श

निर्वाचन आयोग ने कहा कि वह जल्द ही वोटर आईडी को आधार से जोड़ने के संबंध में तकनीकी परामर्श शुरू करेगा। तकनीकी परामर्श भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और चुनाव आयोग के विशेषज्ञों के बीच होगा। यह निर्णय मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गृह मंत्रालय, विधायी विभाग के सचिवों और यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ नई दिल्ली में आयोजित बैठक के दौरान किया।

## नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में सचिवालय में 7वीं स्टेट ब्रॉडबैंड कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें 1 अप्रैल 2025 से शुरू होने वाले नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन के दूसरे चरण के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने राज्य के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए सैटेलाइट ब्रॉडबैंड को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। साथ ही, पिटकुल और यूपीसीएल की मदद से ऑप्टिकल ग्राउंड वायर के उपयोग को बढ़ावा देने को भी कहा। मुख्य सचिव ने बीएसएनएल को फोर–जी (4ळ) सैचुरेशन स्कीम को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि भारतनेट योजना के तहत एक हजार 819 ग्राम पंचायतों में अब तक साढे चौदह हजार से अधिक फाइबर टू द होम कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

## साइबर सतर्कता

प्रदेश में सेवानिवृत्त कर्मचारियों और शासकीय कार्मिकों को फर्जी फोन कॉल से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मुख्य कोषाधिकारी नीतू भंडारी ने बताया कि कुछ साइबर ठग कोषागार अधिकारी बनकर पेंशनरों से उनके बैंक संबंधी जानकारी मांग रहे हैं और उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं। कोषागार विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा फोन के माध्यम से बैंक खाता, आधार, पैन, जीआरडी संख्या या कर्मचारी संख्या जैसी संवेदनशील जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि किसी को इस प्रकार की संदिग्ध कॉल आती है, तो वे ऐसी जानकारी साझा न करें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## वर्चुअल संबोधन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में आयोजित व्यापार, निवेश और पर्यटन संवर्द्धन कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। इस आयोजन का उद्देश्य उत्तराखंड में विदेशी निवेश और पर्यटन को प्रोत्साहित करना था। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड को निवेश के लिए आदर्श राज्य बताते हुए प्रवासी उत्तराखंडवासियों से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में प्रवासी उत्तराखंडवासियों का सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर राज्य के विकास में योगदान देने की इच्छा जताई। श्री धामी ने आशा जताई कि उत्तराखंड की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर, आयुष व वेलनेस टूरिज्म, जैविक कृषि, हर्बल दवाएं और एडवेंचर टूरिज्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम अहम साबित होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उज्बेकिस्तान के नागरिकों को उत्तराखंड आने और राज्य की समृद्ध संस्कृति व प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया।

## विशेष जनसेवा कार्यक्रम

प्रदेश की भाजपा सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्यभर में विशेष जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि 22 से 25 मार्च तक बहुद्देशीय शिविर और चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएं। मुख्य कार्यक्रम 22 मार्च को अल्मोड़ा और 23 मार्च को देहरादून में होगा। जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री या सांसद करेंगे। शिविरों में आम जनता को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ देने, स्वास्थ्य जांच करने और निःशुल्क दवा वितरण की व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री 23 मार्च को देहरादून में आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करेंगे, जिसका लाइव प्रसारण सभी जनपदों और ब्लॉक मुख्यालयों में किया जाएगा। 24 से 30 मार्च तक ब्लॉक और विधानसभा स्तर पर भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## सिटी बस सेवा–हल्द्वानी

हल्द्वानी में सार्वजनिक परिवहन को और सुगम बनाने के लिए 21 जून से सिटी बस सेवा शुरू की जाएगी। कुमाऊँ मण्डलायुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में हुई रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस योजना के तहत कुल 168 किलोमीटर के दायरे में छह अलग–अलग रूटों पर ये बसें चलाई जाएंगी। बसों का संचालन निजी बस ऑपरेटर करेंगे, जिन्हें बसें खरीदने के लिए तीन महीने का समय दिया गया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सिटी बसों के संचालन का समय मौसम के अनुसार तय किया गया है। शीतकाल में बसें सुबह आठ बजे से रात साढ़े आठ बजे तक चलेंगी, जबकि ग्रीष्मकाल में बस सेवा सुबह साढ़े छह बजे से शुरू होगी। इन बसों की पहचान के लिए विशेष चिह्न लगाए जाएंगे और रूट नंबर बड़े अक्षरों में अंकित किए जाएंगे, ताकि यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में कोई असुविधा न हो। इसके अलावा, हल्द्वानी से कैंची धाम मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जल्द ही शटल बस सेवा भी शुरू की जाएगी। इस नई सेवा के लिए कुमाऊँ मोटर ओनर्स यूनियन लिमिटेड और निजी वाहनों को अनुमति दे दी गई है।

## टीबी उन्नमूलन

स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने नई दिल्ली में टीबी उन्मूलन के समाधान के लिए भारत नवाचार शिखर सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन का उद्देश्य 2025 तक टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की प्रगति को गति देना है। उन्होंने कहा कि टीबी से होने वाली मौत में 21 दशमलव चार प्रतिशत की कमी आई है।

## जनता दरबार

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के पाबौ में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर और जनता दरबार में भाग लिया, जहां उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट, विकलांग प्रमाणपत्र और आर्थिक सहायता के चेक भी वितरित किए। शिविर में डॉक्टर रावत ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना है। उन्होंने खिर्सू के चौबट्टा में पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर जनसंपर्क किया और बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में नई पार्किंग सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसके अलावा, उन्होंने राजकीय पॉलिटेक्निक चोपड्यूं का निरीक्षण कर छात्र–छात्राओं से शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा की और पुस्तकालय व कक्षाओं का जायजा लिया। राजकीय इंटर कॉलेज चोपड़ियू के विज्ञान भवन प्रयोगशाला का शिलान्यास करते हुए उन्होंने कहा कि इससे छात्रों को बेहतर विज्ञान शिक्षा मिलेगी।

## क नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

राज्य में पहली अप्रैल से एकीकृत पेंशन योजना लागू हो जाएगी। इस ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला ने लिखा है – यूपीएस एक अप्रैल से लागू होगी, अधिसूचना हुई जारी। दैनिक जागरण ने लिखा है– उत्तराखंड में एक अप्रैल से यूपीएस लागू होने का रास्ता हुआ साफ।

चुनाव आयोग अब मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने जा रहा है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– मतदाता पहचान पत्र भी आधार से जुड़ेगा। राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है – आधार से लिंक होगा वोटर कार्ड।

देहरादून के प्रसिद्ध झंडे जी महोत्सव के समाचार को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुख स्थान दिया है। नवोदय टाइम्स ने लिखा है – झंडे जी के आरोहण के साथ आज शुरू होगा ऐतिहासिक मेला। राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– झंडे जी का आरोहण आज।

प्रदेश में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस समाचार पर अमर उजाला ने लिखा है– शिक्षा विभाग को कला वर्ग में मिलेंगे 789 अतिथि शिक्षक। दैनिक जागरण ने लिखा है – प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में तैनात किए जाएंगे अतिथि शिक्षक।